प्रयोगशाला क्षेत्र

का

विद्यालय मानचित्रांकन

मार्गदर्शक

जीवनराम जीनगर

प्रधानाचार्य

नाथूलाल शाह

संपादक एवं प्रभागाध्यक्ष

अब्दुल रहमान बेली

प्राध्यापक एवं प्रभारी

सन्दर्भ तिथि

31-3-1995

: प्रकाशक :

योजना एवं प्रबन्ध प्रभाग

एवं प्रशिक्षण संस्थान, डूँगरपुर (राजस्थान)

दूरभाष 2535

54412

371.62

DUN-P

- 54412
371.62
DUN - P

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-9216
Date 24.7.96

आमुख

यह चिन्ता का विषय हैं कि हम शिक्षा सम्बन्धी संवैधानिक दायित्व का आज तक पूर्ण रुप से निर्वहन नहीं कर पाये हैं। संविधान की धारा 45 के अनुपालना में हमें दस वर्ष की अवधि में 6-14 आयु वर्ग के समस्त बालक / बालिकाओं को अनिवार्यत: शिक्षा से जोड़ना था, परन्तु खेद हैं कि संविधान के लागू होने के 45 वर्ष गुजरने के पश्चात् भी हम शत प्रतिशत बालक / बालिकाओं को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं कर पाये है । इसके अलावा जिनको शिक्षा की सुविधा उपलब्ध भी हुई. उनके लिए भी स्तर की शिक्षा हेतु आवश्यक परिस्थितियों का सृजन नहीं कर पाये हैं । इसका कारण यह हैं कि हम राष्ट्रीय स्तर मानदण्डों का निर्धारण कर उपर से बनाई गई योजनाओं को क्रियान्वित करने का प्रयास करते रहे हैं। स्थानीय परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में चिन्तन के अभाव में शिक्षा की सुविधा सब तक पहूंचाने की व्यवस्था नहीं हो पाई और लोंगों ने भी इसकी आवश्यकता महसूस नहीं की । इस समस्या के समाधान के लिए विद्यालय मानचित्रांकन कर शिक्षा को सुविधा जुटाना व्यावहारिक उपाय प्रतीत होता है।

प्रत्येक डाईट से सम्बद्ध एक प्रयोगशाला क्षेत्र हैं जिसमें शिक्षा के प्रसार एवं उन्नयन के विविध कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया जाता हैं। इस कार्यक्रम में संस्थान के 'योजना एवं प्रबन्ध प्रभाग' द्वारा इस क्षेत्र का विद्यालय मानचित्रांकन कर यह प्रकाश में लाने का प्रयास किया गया हैं कि क्षेत्र में शिक्षा सुविधा की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति क्या हैं तथा इस दृष्टि से अब क्या प्रयास अपेक्षित हैं। प्रभाग का यह प्रयास स्तुत्य हैं।

प्रयोगशाला क्षेत्र के विद्यालय मानचित्रांकन का कार्य कठिन था, परन्तु योजना एवं प्रबन्ध प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री नाथूलाल शाह एवं उनके सहयोगी श्री अब्दुल रहमान बेली द्वारा परिश्रमपूर्वक इस कार्य को सम्पादित किया है। एतदर्थ मैं उन्हे धन्यवाद देना अपना कर्तव्य समझता हूँ।

जीवनराम जीनगर
प्रधानाचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
डूँगरपुर

आभार

किसी भी कार्य की सफलता के लिए योजनाबद्ध ढंग से प्रयास करना श्रेष्ठतम तरीका माना गया है। परन्तु उपर से तैयार की गई योजना की पूर्ण सफलता संदिग्ध रहती हैं। इसका कारण यह हैं कि इसमें स्थानीय समस्याओं का ध्यान रखना सम्भव नहीं होता है, और लोग इसे थोपा हुआ या किसी और का कार्य समझते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी यही हुआ। विद्यालयों की संख्या में उपार वृद्धि हुई और विशाल धनराशि व्यय की गई, परन्तु हम अपने उद्देश्य में पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाये। न तो सभी बालक / बालिकाओं को विद्यालय की परिधि में ला सके और न ही अच्छी शिक्षा की व्यवस्था कर सके। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरुप विद्यालय नहीं खोल पाने के कारण कई बस्तियों के 3-4 किमी. की दूरी तक प्राथमिक शिक्षा की सुविधा की उपलब्धता आज भी नहीं हैं और जो विद्यालय हैं उनमें भी आवश्यक सुविधाओं का अभाव हैं। इस स्थिति से निपटने का एक मात्र उपाय है— विद्यालय मानचित्रांकन कराना और उसके निष्कर्षों के आधार पर शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्ध कराना।

संस्थान अपने प्रयोगशाला क्षेत्र में शिक्षा क प्रसार एवं उन्नयन हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन करता हैं। इसी सन्दर्भ में यह चिन्तन उभरा कि क्षेत्र में शत प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य प्राप्त करने एवं शिक्षा में गुणात्मक सुधारहेतु विद्यालय मानचित्रांकन किया जाय तथा विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को क्षेत्र की अपेक्षित शैक्षिक आवश्यकताओं से अवगत कराया जाय। आशा हैं कि यह प्रयास उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रयोगशाला क्षेत्र के विद्यालय के मानचित्रांकन की प्रेरणा एवं इस कार्य में मार्गदर्शन के लिए मैं संस्थान के प्रधानाचार्य श्री जीवनराम जीनगर के प्रति आभार प्रदर्शित करना अपना कर्तव्य समझता हूँ। इस काय के सम्पादन में प्रभाग सहयोगी श्री अब्दुल रहमान बेली का सराहनीय योग रहा। अतः मैं उन्हे भी धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता हूँ। अंत में सस्थान के अन्य साथी एवं क्षेत्र के शिक्षकगण जिनका इस कार्य में अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ, उन्हे भी मैं विस्मृत नहीं कर सकता हूँ।

नाथूलाल शाह
प्रभागाध्यक्ष
योजना एवं प्रबन्ध प्रभाग

-अनुक्रमणिका-

क्र० सं०	विषयवस्तु	पृष्ठ संख्या
1-	विद्यालय मानचित्रांकन की अवधारणा एवं आवश्यकता	1-3
2-	प्रयोगशाला क्षेत्र का विद्यालय मानचित्रांकन - क्यों और कैसे ?	4-5
3-	प्रयुक्त उपकरण	6
4-	प्रयोगशाला क्षेत्र का तत्थात्मक विवरण	7-17
5-	वर्तमान विद्यालयों का विश्लेषणात्मक विवरण	18-26
6-	नयी शिक्षण संस्थाओं की स्थापना	27-30
7-	विद्यालयों की क्रमोन्नति	30-31
8-	सार संक्षेप	32-36

परिशिष्ठ-

1-	विद्यालय खोलने एवं क्रमोन्नति हेतु मानदण्ड	37-38
2-	विद्यालय सूचना प्रपत्र	39-42
3-	प्राथमिक विद्यालय में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता	43-44
4-	गृहस्थीवार सर्वे प्रपत्र	45-47
5-	सर्वे सारांश प्रपत्र 1--3	48-49
6-	प्रस्ताव प्रपत्र 1--8	50
7-	मानचित्र (पंचायतवार)	50-52

विद्यालय मानचित्रांकन की अवधारणा एवं आवश्यकता

विद्यालय मानचित्रांकन शिक्षा के क्षेत्र में सूक्ष्म स्तरीय योजना निर्माण प्रक्रिया है । स्थानीय स्तर पर शिक्षा की योजना निर्माण की प्रक्रिया को विद्यालय मानचित्रांकन कहा जाता हैं । इसमें उन स्थानों एवं समुदायों की पहिचान करने की प्रक्रिया सन्निहित हैं जहां प्रस्तावित शिक्षा योजना में शिक्षा सुविधाऐं जुटाया जाना हैं । इसके अन्तर्गत शिक्षा सुविधाओं को इस तरह से स्थापित करने का व्यस्थित प्रयास किया जाता है जिससे लक्ष्यांकित जन संख्या उनका अधिकतम उपयोग कर सकें । सुविधाऐं उप लब्ध कराने की दृष्ट से सामान्यतया राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय मानदडों का अनुशरण करना होता है, परन्तु स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के संदर्भ में कुछ सीमा तक विचलन हो सकता है । इसमें सब तक शिक्षा की पहुच बनाने के लिए औपचारिक प्रारम्भिक शिक्षा के साथ साक्षरता, उत्तर साक्षरता, अनौपचारक शिक्षा आदि के पक्ष भी सम्मिलित किये जा सकते है । योजना निर्माण से स्थानीय लोगों की सहभागिता चर्चाओं के माध्यम से सुनिश्चित को जाती है ।

विद्यालय मानचित्रांकन में शिक्षा के प्रसार हेतु नवीन स्थलों पर शिक्षा सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर विचार नहीं किया जाता हैं, अपितु अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से वर्तमान में उपलब्ध शिक्षा सुबिधाओं में सुधार के पक्ष पर भी ध्यान दिया जाता हैं । इस हेतु इसमें निम्न कार्य किया जाता हैं—

1– वर्तमान सुबिधाओं का रेशनेलाईजेशन

(i) शिक्षण संस्थाओं का स्थान बदलना, बंद करना या मिलाना ।
(ii) स्टॉफ का अधिकतम उपयोग
(iii) भवन, फर्नीचर, साधनों का अधिकतम उपयोग

2– नवीन । अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था

(i) नवीन शिक्षण संस्थाओं को खोलना अथवा वर्तमान संस्थाओं को क्रमोन्नत करना
(ii) वर्तमान संस्थाओं में अतिरिक्त स्टॉफ को व्यवस्था करना ।
(iii) अतिरिक्त भवन, फर्नीचर, साधनों की व्यवस्था करना ।

मानचित्रांकन के कार्य की अधोलिखित चार चरणों के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है–

अ– वर्तमान स्थिति का निदानात्मक विश्लेषण

इस चरण में वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह पता लगाने का प्रयास किया जाता हैं कि वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था शिक्षा नीति के लक्ष्यों की संपूर्ति की दृष्टि से कहां तक अनुकूल है । वर्तमान स्थिति की जानकारी हेतु जनसंख्या, शैक्षिक व्यवस्था, भौगोलिक स्वरुप, यातायात की सुविधा एवं अन्य सेवाओं की स्थिति आदि की सूचनाऐं एकत्रित की जाती है । इस चरण की क्रियान्विति की दृष्टि से निम्न सोपानों का अनुसरण किया जाता हैं—

(i) विद्यालयों, गाँवों एवं बस्तियों का व्यापक शैक्षिक सर्वेक्षण करना
(ii) क्षेत्र का नक्शा तैयार करना जिसमें शैक्षिक एवं अन्य सुविधाओं, धरातल का स्वरूप; यातायात मार्ग आदि प्रदर्शित हैं ।
(iii) मानदण्डों के सन्दर्भ में वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना । इस विश्लेषण के माध्यम

— विद्यालय रहित गांव/बस्तियां
— निम्नांकित किये जाने वाले छात्र संख्या

— प्रत्येक विद्यालय का केचमेन्ट एरिया
— अनार्थिक विद्यालय
— बंद किये जाने, वाले स्थानान्तरित या सम्मिलित किये जा सकने वाले विद्यालय
— स्टॉफ की न्यूनता/अधिकता की सीमा
— भवन, फर्नीचर एवं साधनो की दशा, प्रयोग एवं आवश्यकता

ब- भावी आवश्यकताओं का पुर्वानुमान इसके दो सोपान है—

(i) नामांकित किये जाने वालों का अनुमान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की दृष्टि से प्रत्येक गांव के नामांकन का अनुमान निर्धारित सूत्र के आधार पर किया जाता हैं ।

(ii) वर्तमान विद्यालयों की क्षमता एवं उनके केचमेन्ट एरिये का निर्धारण

प्रत्येक विद्यालय के क्षमता का निर्धारण किया जाता है ताकि ज्ञात हो सके कि उसमें नामांकन क्षमता से अधिक हैं या कम । इसका निर्धारण उपलब्ध अध्यापक, कमरों की संख्या एवं प्रति छात्र के लिए आवश्यक स्थान के आधार पर किया जाना हैं ।

स- संभावित मानचित्र बनाना—

क्र. सं अ, ब, स के आधार पर ऐसा संभावित मानचित्र बनाया जाता है जिसमें निम्न सूचनाऐं प्रदर्शित की जाती है—

(i) गांव/बस्ती जहां नये विधालय स्थापित किये जाने हैं । वर्तमान विधालयों को क्रमोन्नत किये जाना अपेक्षित है ।
(ii) प्रत्येक विधालय का केचमेंट एरिया
(iii) यातायात मार्ग, धरातलीय स्वरूप एवं अन्य सुविधाऐं
(iv) बन्द किये जाने वाले स्थानान्तरित किये जाने वाले या सम्मिलित किये जाने वाले विधालय
(v) संसाधनों की अधिकता/कमी वाले विधालय

द- प्राथमिकता निर्धारित करना—

क्र. सं. 'स' को ध्यान में रखते हुए स्थान जहाँ नये विद्यालय खोले जाने हैं या वर्तमान विद्यालयों को क्रमोन्नत किया जाना है, की प्राथमिकता की पहिचान की जाती हैं, तथा प्राथमिकता के आधार पर उन्हें सूची बद्ध किया जाता हैं।

विद्यालय मानचित्रांकन के कार्य को सम्पादित करने के लिए इकाई जिसका मानचित्रांकन किया जाना हैं, स्पष्ट करना होता है । सुविधा के लिए प्रत्येक जिले को एक इकाई मानना उपयुक्त रहता हैं। इसमें क्षेत्रिक उप इकाईयों का निर्धारण किया जाता है । इन उप इकाईयों को भी समूह क्षेत्र (Cluster) में विभाजित किया जाता है । उपरोक्त समस्त कार्य समूह क्षेत्र पर स्तर पर सम्पन्न किया जाता हैं । प्रत्येक स्तर पर जन सहभागिता सुनिश्चित की जाती है ।

विधालय मानचित्रांकन की आवश्यकता क्यों हैं ? राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दस्तावेज में इस बात पर चिन्ता व्यक्त की गई है कि आजादी प्राप्ति के पांचवे दशक तक भी हम न तो सभी को शिक्षा से जोड़ पाये और न ही अच्छे स्तर की शिक्षा की व्यवस्था कर पाये । इसका कारण यह रहा कि समस्त शिक्षा योजनाएं उपर से आती रही । राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर निर्धारित मानदण्डों में क्षेत्रीय एवं सामाजिक असमानताओं का ध्यान नही रखा गया । फलस्वरूप इन योजनाओं का स्थानीय स्तर पर व्यावहारिक स्वरूप कम रहा । इसके अलावा योजना निर्माण प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी नही होने से शिक्षा को अपनी आवश्यकता की वस्तु न मानकर इसे थोपा हुआ एवं सरकार के हित का कार्य मान

लिया गया। परिणाम स्वरूप कई लोगों तक शिक्षा की सुविधा पहुंच नही पाई और कई लोगों ने शिक्षा की सुविधा होते हुए भी स्वयं को दूर रखा। यही नही, कई स्थानों पर राजनैतिक आधार पर भी विद्यालय खुले या क्रमोन्नत हुए। इस कारण से कहीं पर तो विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों से विद्यार्थियों की संख्या अधिक है तो कहीं कम। संसाधनों की उपलब्धता की कमी शिक्षा की गुणवता को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर विद्यार्थियों की संख्या कम होने पर संसाधनों का अधिकतम उपयोग नही हो पा रहा है। शिक्षा व्यवस्था की इस स्थिति को सुधारने हेतु विद्यालय मानचित्रांकन कारगर उपाय सिद्ध हो सकता हैं। विद्यालय मानचित्रांकन के माध्यम से सुविधायें जुटाने से निम्न लाभ होंगे—

(1) स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकता के अनुरूप विद्यालय खोलने / क्रमोन्नति योग्य स्थलों की पहिचान हो सकेगी।

(2) अनार्थिक विद्यालयों को बंद करने, स्थानान्तरित करने या मिलाये जाने की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

(3) संसाधनों का अधिकतम उपयोग होगा।

(4) मानचित्रांकन में लोगों की सहभागिता होने से वे शिक्षा को अपनी आवश्यकता समझेंगे। परिणाम स्वरूप नामांकन एवं विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस प्रकार शैक्षिक अवसरों की समानता का लक्ष्य पूरा करने के लिए एवं शिक्षा की गुणवत्ता प्राप्ति में बाधक समस्याओं के समाधान हेतु विद्यालय मानचित्रांकन कर सुविधाऐं जुटाना आवश्यक है।

प्रयोग शाला क्षेत्र का विद्यालय मानचित्रांकन क्यों और कैसे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अनुशंषानुसार शिक्षा के प्रसार एवं उन्नयन हेतु जिला स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई है । जिला शिक्षा एबं प्रशिक्षण संस्थान का प्रमुख कार्य जिले के शैक्षिक उन्नयन हेतु शिक्षको को विविध आयामों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान करना हैं। इसकी भूमिका में कतिपय अन्य पक्ष भी जोड़े गये हैं यथा अनुसंधान, नवाचार, प्रसार एवं मार्गदर्शन इससे अपेक्षा की गई हैं कि जिला शिक्षा बोर्ड को आवश्यक शैक्षिक सुझाव देवे तथा उसे जिले के विद्यालय मानचिज्ञांकन में सहयोग करें, परन्तु अभी तक जिला शिक्षा बोडं की स्थापना नही होने उक्त कार्य सम्पन्न नही हो पाया है ।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से यह भी अपेक्षा की गई है कि वह प्रयोग शाला क्षेत्र में शैक्षिक प्रसार एवं उन्नयन हेतु अनुसंधान, नवाचार एवं प्रयोजनाओं की क्रियान्विति करे ताकि इससे इस क्षेत्र का शैक्षिक विकास हो सके तथा प्राप्त अनुभवों को जिले के अन्य अंचलों तक पहुंचाया जाय। इसी सन्दर्भ में प्रयोग शाला क्षेत्र के विधालय मानचित्रांकन सन्पन्न करने का निर्णय लिया गया ।

प्रयोग शाला क्षेत्र के बिधालय मानचित्रांकन का कार्य चुनौतिपूर्ण एवं कठिन था। संस्थान के व्यक्ति द्वारा अकेले इसे अपने स्तर पर सम्पन्न करना असंभव एवं अव्यवहारिक था क्योंकि क्षेत्र के प्रत्येक अंचल की इन्हें न तो जानकारी थी और न ही उन अंचलों के लोगों से उनका कोई घनिष्ठ सम्पर्क था । यह कार्य ऐसे व्यक्तियों के माध्यल से कियr जाना अपेक्षित था जो अंचलों की परिस्थितियों तथा लोगों की आवश्यकताओं से परिचित हो तथा जिनसे लोग खुलकर बात कर सकें। ऐसे व्यक्ति क्षेत्र में कार्यरत शिक्षक ही थे। वैसे क्षेत्र में अन्य कर्मचारी भी उपलब्ध थे, परत्तु उन्हे शैक्षिक पहलुओं की जानकारी न होने से इन्हें इस कार्य में सम्बद्ध करना उपयुंक्त नही था । अतः यह कार्य क्षेत्र में कार्यरत विधालय प्रधानो के माध्यम से सम्पन्न कराना व्यावहारिक समझा गया ।

कार्य को सुचारू रूप से सम्पा दित करने की दृष्टि से प्रयोग शाला क्षेत्र के प्रा. वि. / उ प्रा. वि. के प्रधानों के प्रशिक्षण हेतु संस्थान में दिनांक 23-2-95 से 25-2-95 तक विद्यालय मानचित्रांकन प्रशि क्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय मानचित्रांकन की अवधारणा एबं आवश्यकता, प्रयोग शाला क्षेत्र के लिए उसकी उपयोगिता और प्रक्रिया के सम्पन्न में वार्ताएं आयोजित की गई । संभागियों की सहमति से कार्य पद्धति निर्धारित की गई तथा समय बद्ध कार्यक्रम निश्चित किया गया । प्रयुक्त किये जाने वाले उपकरणों/प्रपत्रो के उपयोग की विधि स्पष्ट की गई ।

सम्पूर्ण प्रयोग शाला क्षेत्र को चार संकुल (पंचायत) क्षैत्रों में विभाजित किया गया, तथा प्रत्येक क्षेत्र में अवस्थित उ० प्रा० वि० के प्रधान को प्रभारी बनाया गपा । प्रत्येक विधालय का केचमेंट एरिया निर्धारित किया गया। तथा विद्यालय स्तर संकुल स्तर एवं संस्थान स्तर पर करणीय कार्य निम्नानुसार निश्चित किया गया ।

विद्यालय स्तर पर—

1– प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपने विद्यालय सम्बन्धी सूचना निर्धारित प्रपत्र में भरना

1 मार्च 95

2– प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपने केचमेंट एरिया का नक्शा बनाकर उसमें विभिन्न बस्तियों, मार्गो, विद्या-

लय की स्थिति एवं बस्तियों की इससे दूरी पहुंच को बाधक धरातलीय अवरोधों को अंकित करना।

3 मार्च 95

3– मानक प्रपत्रों के माध्यम में केचमेंट एरिया में पारिवारिक सर्वे कर आँकड़ों का विश्लेषण करना ।

10 मार्च 95 से 20 मार्च 95 तक

4– सर्वे, निर्धारित मानदण्ड एवं स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नये विद्यालय साक्षरता केन्द्र, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र, बन्द किये जाने वाले । शिफ्ट किये जाने वाले विद्यालय क्रमोन्नति योग्य विद्यालय आदि के प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्रों में तैयार करना।

30 मार्च95

5– वर्तमान में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं एवं प्रस्तावित शैक्षिक सुविधाओं का सम्भावित मानचित्र निधारित संकेतों का प्रयोग करते हुए बनाना।

5 अप्रेल 95

संकुल (पंचायत) स्तर पर—

विद्यालय स्तर सम्पन्न कार्यो को समग्रित कर आपसी विचार विमर्श द्वारा संकुलवार उपरोक्त क्र. सं. 2, 3, 4, 5 के कार्यो को सम्पन्न करना।

10 अप्रेल 95

संस्थान स्तर पर—

संस्थान में प्रयोग शाला क्षेत्र के संस्था प्रधानों की कार्य गोष्ठी आयोजित कर विद्यालय स्तर एवं संकुल स्तर पर सम्पादित कार्य के रेकार्ड देखकर एवं आपसी विचार विमर्श कर प्रयोग शाला क्षेत्र का समेकित रूप से विद्यालय मानचित्रांकन का कार्य सम्पन्न करना।

12 अप्रेल 95 से 15 अप्रेल 95

विद्यालय स्तर एवं संकुल स्तर पर निर्धारित दिनांकों को सम्पन्न किया गया, परन्तु किन्हीं अपरिहार्य कारण से संस्थान स्तर पर सम्पादित किया जाने वाला कार्य निर्धारित दिनांकों को सम्पादित नही हो पाया। इसे दि० 22–5–95 से 23–5–95 तक सम्पादित किया गया ।



प्रयुक्त उपकरण

विद्यालय मानचित्रांकन कार्य सम्पन्न करने हेतु कतिपय उपकरणों की आवश्यकता थी। उपकरणों में मानचित्रों एवं प्रपत्रों का प्रयोग किया गया। मानचित्र विद्यालय स्तर, संकुल स्तर एवं संस्थान पर तैयार किये गये। प्रपत्रों को संस्थान ने अपने स्तर पर तैयार किये तथा उन्हे मुद्रित/चक्रांकित कर प्रयोग शाला क्षैत्रो के संस्था प्रधानों को आवश्यकतानुसार संख्या में प्रशिक्षण के अन्त में उपलब्ध कराये गये। संस्था प्रधानों को प्रत्येक प्रपत्र के बिन्दूओं को स्पष्ट किया ताकि इनके माध्यम से प्राप्त सूचना त्रुटिपूर्ण या अधूरी न हो।

प्रयोग शाला क्षेत्र में विद्यालय मानचित्रांकन कार्य हेतु उपकरण (प्रपत्र) परिशिष्ठ में दिये गये है। उपकरण के रूप में अधोलिखित प्रपत्रों का प्रयोग किया गया :—

क्रम संख्या	प्रपत्र का विवरण	परिशिष्ट क्रमांक
1–	विद्यालय सूचना प्रपत्र	2
2–	पारिवारिक सर्वे प्रपत्र	3
3–	सर्वे सारांश प्रपत्र 1, 2, 3	4
4–	प्रस्ताब प्रपत्र 1 से 8	5

प्रपत्र के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण क्रमश विद्यालय, संकुल एवं संस्थान स्तर किया गया।

विद्यालय स्तर पर केचमेंट एरिया, विद्यालय की स्थिति, विद्यालय से बस्तियों की दूरी व मार्ग को अंकित करते हुए मानचित्र बनवाये गये और इसी पर प्रस्तावित सुविधाओं को दर्शाते हुए संभावित मानचित्र बनवाये गये। विद्यालय स्तर पर निर्मित मानचित्रों के आधार पर संकुल स्तर एवं संकुल स्तर पर मानचित्रों के आधार सम्पूर्ण प्रयोग शाला क्षेत्र का मानचित्र संस्थान स्तर पर निर्मित किया गया। मानचित्रों में प्रयुक्त संकेतों की सूची निम्नानुसार है—

1– प्राथमिक विद्यालय

2– प्रस्तावित प्रा० वि०

3– उ० प्रा० विद्यालय

4– प्रा० वि० जो उ० प्रा० वि० में क्रमोन्नत हेतु प्रस्तावित

5– मा० विद्यालय

6– उ० प्रा० वि० जो मा० वि० में क्रमोन्नति हेतु प्रस्तावित

7– सी० मा० विद्यालय

8– मा० वि० जो सी० मा० वि० में क्रमोन्नति हेतु प्रस्तावित

9– प्रस्तावित अनौ० शि० के

10- कच्ची सड़क .....

1- पक्की सड़क =====

12- पहाड़ /////

13- नाला/नदी

14- तालाब/बांध

15- पंचायत क्षेत्र

16- पंचायत मुख्यालय P

17- राजस्व गांव क्षेत्र .....

18- राजस्व गांव V

19- सघन वस्ती B

20- बिखरी बस्ती H

प्रयोग शाला का तक्ष्यात्मक विवरण

प्रयोग शाला क्षेत्र में 3 पंचायतों का सम्पूर्ण क्षेत्र एवं 2 पंचायतों का एक-एक गांव सम्मिलित हैं जो निम्नानुसार है—

पंचायत—	गांव—
1- पुनालो	सभी गांव
2- कोलखण्डा	,,
3- पाल माण्डव	,,
4- भोजातों का ओडा	कालू गामड़ा
5- राघेला	राघेला

राघेला का सर्वे रेकार्ड उपलब्ध नही हो पाने के कारण इसे विद्यालय मानचित्रांक न में सम्मिलित नहीकिया गया-

जनसंख्या—

क्षेत्र/गांव	परिवार	जन संख्या	अजा	अजजा	वि० वि०	अन्य
पं. पुनाली	1187	6964	406	3225	105	3228
पं. कोलखण्डा	901	5197	356	4151	166	524
पं. पाल माण्डव	547	3350	—	3345	5	—
कालूगामड़ा	90	543	—	519	—	24
पं. (भोजातों का ओडा)	—	—	—	—	—	—
	2725	16054	762	11240	276	3776

उपरोक्त विवरण से निम्न तथ्य उजागर होते है—

(I) क्षेत्र में 70 % जन संख्या अ. ज. जा. वर्ग की है।
(II) पं. पुनाली को छोड़कर शेष क्षेत्र में अन्य वर्ग की जनसंख्या बहुत कम हैं ।

1– धरातलीय स्वरूप–

सम्पूर्ण क्षेत्र पहाड़ी है । पहाड़ों के बीच यत्र तत्र थोड़ी बहुत जमीन समतल मिलती हैं । इस प्रकार के स्वरूप के कारण आवागमन में पहाड़ एवं नाले अवरोधक के रूप में हैं ।

2– बस्ती का स्वरूप–

सघन बस्ती बहुत कम है । अधिकांश लोग छितरी बस्ती में रहते हैं। सामान्यतया मकान पहाड़ियों या उनके दलानों पर बने हुए है ।

3– 6-11 आयू वर्ग के बालक । बालिकाएं

क्षेत्र/गांव	कुल	अध्ययनरत	अध्ययनरत नही		योग
			परित्यागकर्ता	कभी भर्ती नही हुए	
पं. पुनाली	1550	1454	31	65	96
पं. कोलखण्डा	1219	824	127	268	395
पं. पालमाण्डव	593	341	21	231	252
कालूगामड़ा (पं. भोजातों का ओडा)	86	81	1	4	5
	3448	2700	180	568	748

6–11 आयु वर्ग के 21-69% बालक/बालिकाऐं विद्यालय में नामांकित नही हैं । उन्हे औपचारिक विद्यालय/अनौ० शि० केन्द्र से जोड़ने आवश्यकता है ।

4– शिक्षण संस्थाऐं

क्षेत्र/गांव	मा वि.	उ. प्रा. वि.	प्रा. वि
पं. पुनाली	1– पुनाली	3– पुनाली गेहूंबाड़ा, पांतली	3– पुनाली, वाड़ा नयागांव
पं. कोलखंडा	—	3– कोल खडा खास कोल खण्डा पाल जोगीवाड़ा	डूंगरा, बारी, रामा, कुबेरा, समोता का ओडा, माण्डव माईन्स
पं. पाल माण्डव कालूगामड़ा	—	1– पालमाण्डव	2– डूंगरा दराखांडा
पं. भोजातों का ओडा राघेला	—	—	1– कालूगामड़ा
पं. राघेला	—	1– राघेला	—
	1	8	12

5– विद्यालय स्थित गांवों । फलों तक पहुंच की सुविधा—

क्षेत्र/गांव	बस सेवा उपलब्ध	पैदल दूरी	मार्ग		
		किमी सं०	पक्की सड़क	कच्ची सड़क	पगठण्डी
पं० पुनाली	2	2 — 1 3 — 1 4 — 1 5 — 1	2	4	—
पं० कोलखण्डा	3	1 — 2 2 — 1 3 — 2 6 — 1	3	4	2
पं० पाल माण्डव	1	2 — 1 5 — 1	–	1	1
कालूगांमड़ा	×	10 — 1	–	1	1
(पं० भोजातों का ओडा)	—	—	—	—	—
राघेला					

19 विद्यालय में स्थित गांवों में से 6 गांवों तक पहुँच के लिए बस सेवा उपलब्ध हैं। शेष विद्यालय स्थित गांवों तक पहुच के लिए पैदल चलना पड़ता है। पैंदल दूरी अनुसार विद्यालयों की सख्या निम्नानुसार है–

पैदल दूरी किमी	विद्यालयो की सं0
1	2
2	3
3	2
4	1
5	2
6	1
10	1

5 विद्यालय स्थित गांवों के लिए पहूंच के लिए पक्की सड़क है। 10 विद्यालय स्थित गांधों तक पहुचने के लिए कच्ची सड़क उपलब्ध है। ऐसे गांव जिन तक पहुंच के पगदंडी मार्ग का प्रयोग करना पड़ता हैं, की संख्या 4 हैं।

6- विद्यालय स्थित गांवों में अन्य आवश्यक सुविधाएं—

क्षेत्र गांव	बिजली	टेलिफोन	पो० ओ०	टी० वी०	जल प्रदाय	चिकित्सा
पं० पुनाली	6	2	2	1	2	2
पं० कोलखण्डा	6	—	—	—	1	2
पं० पाल माण्डव	—	—	—	—	—	—
कालूगामड़ा	—	—	—	—	—	—
(पं० भोजातों का ओडा)						
राघेला	—	—	—	—	—	—
(पं० राघेला)						
	12	2	2	2	3	4

उक्त विवरण दर्शाता हैं कि विद्यालय स्थित गांवों में आवश्यक सुविधाओं का अभाव सा है।

7- निरक्षरों की संख्या

क्षेत्र/गांव	निरक्षर (15-35 आयु)	साक्षरता केन्द्र पर अध्ययनरत	निरक्षर जिनको साक्षरता से जोड़ा जाना है
पं. पुनाली	318	208	110
पं. कोलखण्डा	737	193	554
पं. पाल माण्डव	818	317	501
	1873	718	1153

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि व्यापक साक्षरता के कार्यक्रम के निष्पादन के बावजूद भी 61.7% निरक्षरों को साक्षरता से जोड़ना शेष हैं।

8- क्षेत्र में स्थित विद्यालयों के भौतिक संसाधन

(क) भवन

क्षेत्र/विद्यालय	भवन पक्के	कच्चे	कच्चे पक्के	उपलब्ध कमरों की संख्या कक्षाकक्ष	अन्य	कमरों की आवश्यकता	छत रिसने वाले कमरों की संख्या	बाउण्ड्री पूर्ण	आंशिक	नहीं
पं. पुनाली										
उ प्रा. वि. - 3	3	—	—	23	4	4	15	1	1	1
प्रा. वि - 3	2	—	1	15	2	2	7	1	—	1
प. कोलखण्डा										
उ प्रा. वि - 3	2	—	1	21	2	—	13	2	—	1
प्रा. वि. - 6	6	—	—	11	2	10	10	—	—	6
पं. पाल माण्डव										
उ. प्रा. वि. - 1	1	—	—	7	1	—	5	—	1	—
प्रा वि. - 2	2	—	—	4	2	1	5	—	—	2
प्रा. वि. कालूगामड़ा एवं भोजातों का ओड़ा	1	—	—	2	1	—	—	1	1	—
योग										
उ. प्रा. वि. 7	6	—	1	51	7	4	33	4	2	2
प्रा. वि. 12	11	—	1	32	7	13	22	2	—	9
महायोग	17	—	2	83	14	17	55	6	2	11

मात्र दो विद्यालयों के भवन कच्चे-पक्के है। शेष के भवन पक्के हैं। भवन पक्के होते हुए भी 56.7% कमरों में पानी रिसता हैं। उपलब्ध तथ्यों के अनुसार उ. प्रा. वि. के सभी कमरों में और 4 उ. प्रा. वि. में आधे से अधिक कमरों में पानी रिसता हैं। दो प्रा वि में पानी नहीं टपकता हैं। सभी कमरों में पानी टपकने वाले प्रा वि. की संख्या 6 हैं तथा आधें अधिक कमरों में पानी गिरने वाले प्रा. वि. की संख्या 4 हैं।

(ख) भूमि की उपलब्धता एवं उपयोग

क्षेत्र/विद्यालय	विद्यालय की संख्या	क्षेत्रफल	उपयोग खेल मैंदान	वृक्षारोपण
पं. पुनाली				
उ प्रा. वि. 3	3	2 बीघा से	2	2
प्रा. वि. 2	2	10 बीघा	2	2
पं कोलखण्डा				
उ. प्रा. वि. 3	1	1/2 बीघा से	1	1
प्रा. वि. 6	3	$6\frac{1}{4}$ बीघा	2	3
पं. पाल माण्डव				
उ. प्रा. वि. 1	1	2 बींघा	1	—
प्रा. वि 2	—	—	—	—
कालूगामड़ा	1	—	—	1
योग				
उ प्रा.	5		4	3
प्रा. वि.	6		4	6
महायोग	11	1/2 बीघा से 10 बीघा	8	9

लगभग 50 प्रतिशत विद्यालयों में भूमि उपलब्ध है। उपलब्धता की सीमा 1/2 से 10 बीघा के बीच है। उपलब्ध भूमि का उपयोग खेल के मैंदान व वृक्षारोपण के लिए किया जा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुछ विद्यालयों में थोड़ी बहुत भूमि पहाड़ी होने से पड़त हैं। उ. प्रा वि. गेहूंवाड़ा में 250 वृक्ष लगे हुए है। प्रा. वि. नयागांव व बारी में 100–100 वृक्ष हैं।

(ग) पेयजल की उपलब्धता (विद्यालयों की संख्या)

क्षेत्र/विद्यालय	परिसर के निकट	परिसर से दूर	विशेष
पं. पुनाली			
उ. प्रा. वि. 3	3	—	प्रा. वि. नयागांव
प्रा. वि. 1	2	1	1 कि. मी. दूर
पं. कोलखण्डा			
उ. प्रा. वि. 3	3	—	प्रा. वि. कुवेरा $1\frac{1}{2}$ किमी
प्रा. वि. 6	3	3	–''– रामा 1/2 किमी –''– समोता का ओड़ा $\frac{1}{2}$ किमी
पं. पाल माण्डव			
उ प्रा. वि. 1	1		
प्रा. वि. 1	1	1	प्रा. वि. डूँगरा 1/2 किमी
प्रा. वि. कालूगामड़ा	1	—	

समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल परिसर या उसके निकट उपलब्ध हैं। 50% प्रा० वि० के लिए पेयजल की उपलब्धता दूर हैं। यह दूरी 1/2 किमी से $1\frac{1}{2}$ किमी की सीमा तक है।

(घ) मुत्रालय की उपलब्धता

क्षेत्र/विद्यालय	बालकों के लिए	बालिकाओं के लिए	शिक्षकों के लिए	सभी के लिए एक	उपलब्ध नही
पं० पुनाली					
उ० प्रा० 3	—	—	—	3	—
प्रा० वि० 3	—	—	—	3	—
पं० कोलखण्डा					
उ० प्रा० वि० 3	—	—	—	3	—
प्रा० वि० 6	—	—	—	4	2
पं० पाल माण्डव					
उ० प्रा० वि० 1	1	1	—	—	—
प्रा० वि० 2	—	—	—	—	2
प्रा० वि० कालुगामड़ा	—	—	—	1	—
योग–					
उ० प्रा० वि०	1	1	—	6	—
प्रा० वि०	—	—	—	8	4

तालिका से स्पष्ट होता है कि एक ही उ० प्रा० वि० में बालकों एवं बालिकाओं के पृथक-पृथक मुत्रालय हैं। शेष सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय में सभी के लिए एक ही मुत्रालय हैं। 4 प्राथमिक विद्यालय में मुत्रालय उपलब्ध नही हैं। शेष में सभी के लिए एक ही मुत्रालय है।

(ङ) शौचालय की उपलब्धता

क्षेत्र/विद्यालय	बालकों के लिए	बालिकाओं के लिए	शिक्षकों के लिए	सभी के लिए एक	उपलब्ध नही
पं० पुनाली					
उ० प्रा० वि० 3	—	1	—	2	—
प्रा० वि० 3	—	—	—	3	—
प० कोलखण्डा					
उ० प्रा० वि० 3	1	1	—	2	—
प्रा० वि० 6	—	—	—	3	3

पं० पाल माण्डव					
उ० प्रा० वि० 1	—	—	—	1	—
प्रा० वि० 2	—	—	—	—	2
प्रा० वि० कालूगामड़ा	—	—	—	—	1
योग–					
उ० प्रा० वि०	1	2	—	5	—
प्रा० वि०	—	—	—	6	6
महायोग–	1	2	—	11	6

उक्त तथ्यों के अवलोकन से प्रगट होता है कि सिर्फ एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय है। शेष में सभी के लिए एक शौचालय हैं। आधे प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय नही है जबकि शेष आधे प्राथमिक विद्यालयों में सभी के लिए एक शौचालय है।

(च) पुस्तकालय हेतु पुस्तकों की उपलब्धता

क्षेत्र/विद्यालय	उपलब्धता	उपलब्धता नही	रखने की सुविधा
पं० पुनाली			
उ० प्रा० वि० 3	3	—	2
प्रा० वि० 3	2	1	1
पं० कोल खण्डा			
उ० प्रा० वि० 3	3	—	3
प्रा० वि० 6	2	4	2
पं० पाल माण्डव			
उ० प्रा० वि० 1	1	—	1
प्रा० वि० 2	1	1	1
प्रा० वि० कालूगामड़ा	1	—	1
योग-			
उ० प्रा० वि०	7	—	6
प्रा० वि०	6	1	5
महायोग–	13	6	11

सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय में पुस्तकालय हेतु पुस्तकें उपलब्ध है तथा इनमें से एक को छोड़ शेष में पुस्तकें रखने की सुविधा उपलब्ध है। 50% प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तकें उपलब्ध है तथा उनमें एक में पुस्तकें रखने की सुविधा नही हैं।

(छ) पत्र-पत्रिकाओं की उपलब्धता

क्षेत्र/विद्यालय	उपलब्ध		उपलब्ध नहीं	
	दै. पत्र	मा पत्र	वार्षिक	
पं० पुनाली				
उ० प्रा० वि० 3	3	1	—	—
प्रा० वि० 3	—	—	—	3
पं० कोलखण्डा				
उ० प्रा० वि० 3	2	1	—	—
प्रा० वि० 6	—	—	—	6
पं० पाल माण्डव				
उ० प्रा० वि० 1	—	—	—	1
प्रा० वि० 2	—	—	—	2
प्रा० वि० कालूगामड़ा	—	—	—	1
योग-				
उ० प्रा० वि०	5	2	—	1
प्रा० वि०	—	—	—	12
महयोग	5	2	—	13

एक उच्च प्राथमिक बिद्यालय में पत्र-पत्रिका की सुविधा नहो है। मा० पत्र सिर्फ दो उच्च प्राथमिक विद्यालय में आता है । वार्षिक पत्रिका तो किसी भी उच्च प्राथमिक विद्यालय को उपलब्ध नही है। किसो भो प्राथमिक विद्यालय में किसी भी प्रकार की पत्र-पत्रिका की सुविधा उपलब्ध नही है।

(ज) फर्नीचर की उपलब्धता

क्षेत्र/विद्यालय	शिक्षकों के लिए			विद्यार्थियों के लिए			अन्य कार्य हेतु		
	पर्याप्त	अपर्याप्त	उप० नही	पर्याप्त	अपर्याप्त	उप० नही	पर्याप्त	अपर्याप्त	उप० नही
पं० पुनाली									
उ० प्रा० वि० 3	—	3	—	—	3	—	1	2	—
प्रा० वि० 3	1	2	—	—	3	—	—	3	—
पं० कोलखण्डा									
उ० प्रा० वि० 3	—	3	—	—	3	—	—	3	—
प्रा० वि० 6	1	5	—	2	5	—	—	6	—

पं० पाल वाण्डव									
उ० प्रा० वि० 1	—	1	—	—	1	—	—	1	—
प्रा० वि० 2	—	2	—	—	2	—	—	2	—
प्रा० वि० कालूगामड़ा	1	—	—	—	1	—	—	1	—
योग–									
उ० प्रा० वि०	—	7	—	—	7	—	1	6	—
प्रा० वि०	3	9	—	2	10	—	—	12	—
महा योग	3	16	—	2	17	—	1	18	—

सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों एवं बालकों के लिए फर्नीचर अपर्याप्त हैं । अन्य कार्यो हेतु एक ही उच्च प्राथ.मक विद्यालय फर्नीचर पर्याप्त है प्राथमिक विद्यालयों में 3 में शिक्षकों के लिए एबं 2 में बालकों के लिए फर्नीचर पर्याप्त हैं अन्य कार्यो के लिए किसी भी प्राथमिक विद्यालय में फर्नीचर पर्याप्त नही है

(ज) ओपरेशन ब्लेक बोर्ड के अन्तर्गत प्रस्तावित संदर्भ साहित्य सहायक शिक्षण सामग्री एवं अन्य उपकरणों की उपलब्धता

क्षैत्र/विद्यालय	उपलब्धता		
	पर्याप्त	अपर्याप्त	नही
पं० पुनाली			
उ० प्रा० वि० 3	—	3	—
प्रा० वि० 3	1	2	—
पं० कोलखण्डा			
उ० प्रा० वि० 3	—	3	—
प्रा० वि० 6	3	—	3
पं० पाल माण्डव			
उ० प्रा० वि० 1	—	1	—
प्रा० वि० 2	2	—	3
प्रा० वि० कालूगामड़ा	1	—	—
योग–			
उ० प्रा० वि०	—	7	—
प्रा० बि०	7	2	3
महायोग–	7	9	3

सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय में उक्त सामग्री अपर्याप्त हैं । 7 प्राथमिक विद्यालय में सामग्री पर्याप्त है जबकि 2 प्राथमिक विद्यालय में सामग्री अपर्याप्त है । 3 प्राथमिक विद्यालय में सामग्री उपलब्ध नही है ।

11- विद्यालय में मानवीय संसाधन

(अ) शिक्षक-

विद्यालय	कार्यरत			रिक्त	आवश्यकता
	पुरुष	महिला	योग		
बा० उ० प्रा० वि० पुनाली	—	8	8	—	—
उ० प्रा० वि० गेहूंवाड़ा	6	—	6	2	—
,, पांतली	9	1	10	—	—
,, कोलखण्डा खास	7	—	7	—	—
,, ,, पाल	6	—	6	—	2
,, जोगीवाड़ा	7	—	—	—	—
,, पाल माण्डव	7	—	7	—	—
प्रा० वि० पुनाली	4	2	6	—	2
वाड़ा	1	2	3	—	2
नयागांव	2	—	2	—	—
डूंगरा (को०)	1	1	2	—	1
बारी	2	—	2	—	1
रामा	1	1	2	—	—
कुबेरा	1	—	1	—	—
समोता का ओडा	1	1	2	—	1
माण्डव माइन्स	2	—	2	—	—
डूंगरा (पा. मा.)	2	—	2	—	....
दराखांडा	2	--	2	--	1

उपरोक्त आँकडे दर्शाते है कि बा० उच्च प्राथमिक विधालय में कोई पुरुष शिक्षक नही है और अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों में से सिर्फ एक में महिला शिक्षिका हैं 50% प्राथमिक विद्यालय में ही महिला शिक्षिका है। रिक्त पद सिर्फ एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में है। एक उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा 5 प्राथमिक विधालय में अतिरिक्त पदों की आवश्यकता है।

(ब) विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या

नाम विद्यालय	छात्र सख्या		कक्षावार	
	कुल	VI	VII	VIII
बा० उ० प्रा० वि० पुनाली	349	48	30	26
उ० प्रा० वि० गेहूंवाड़ा	140	21	19	10
,, पांतली	196	13	10	14
,, कोलखण्डा खास	134	18	10	6
,, पाल	144	14	14	12
,, जीगीवाड़ा	154	26	10	6
,, पाल माण्डव	132	21	22	8
प्रा० वि० पुनाली	250			
,, वाड़ा	149			
,, नयागांव	152			
,, डूंगरा (को)	33	(कक्षा-1)		
,, बारी	99			
,, कुबेरा	46	(कक्षा-1-2)		
,, रामा	60			
,, समोता का ओडा	47	(कक्षा-1-2)		
,, माण्डव माइन्स	113			
,, डूंगरा	70			
,, दराखाडा	121			
,, कालूगामड़ा	75			

छात्र संख्या को देखते हुए किसी भी विद्यालय को अनार्थिक नहीं कहा जा सकता हैं, और न ही किसी विद्यालय को स्थानान्तरित / सम्मिलित करने / बन्द करने की आवश्यकता प्रतीत हैं। कतिपय उ० प्रा० वि० में कक्षा VIII में छात्र संख्या कम है क्योकि ये अपेक्षाकृत नवीन विद्यालय हैं। प्रा० वि० डूँगरा (को.) कुबेरा समोता का ओड़ा में सिर्फ कक्षा 1 या कक्षा 1 व 2 ही होने से छात्र संख्या कम है। अगली कक्षाऐ प्रारम्भ होने पर छात्र संख्या में वृद्धि होगी।

12- विद्यालयों की विशिष्ठ समस्याऐ एवं विशेषताएँ

(अ) विशिष्ठ समस्याऐ

प्रा० वि० पुनाली— परिसर में बा० उ० प्रा० वि० स्थित होने से व्यवधान।

प्रा०वि०डूंगरा (पा.मा) बस्ती के बीच पहाड़ आने से पहाड़ के दूसरी ओर अधिक जनसंख्या वाले भाग के बालक / बालिकाओं के विद्यालय पहुचने में कठिनाई।

उ०प्रा०वि० गेहूंबाड़ा — शिक्षकों के आवास की समस्या।

(ब) विशेषताएँ

उ० प्रा० वि० पांतली— 1- प्रति वर्ष एक / दो छात्रों का नवोदय विद्यालय में प्रवेशार्थ चयन।
2- पीछले तीन वर्षों से कबड्डी में प्रथम / द्वितीय स्थान।

उ० प्रा० वि० गेहूवाड़ा— परिसर में 250 वृक्ष

प्रा० वि० बारी/नय गांव—परिसर में 100 वृक्ष

बा० उ० प्रा० वि० — प्रार्थना सभा का प्रभावी आयोजन

यह विचित्र स्थिति हैं कि क्षेत्र में कुछ विद्यालय जिस स्थान से चल रहे है, वे किसी अन्य स्थान पर चल रहे हैं। विद्यालय के नाम एवं विद्यालय स्थित गांव के नाम में भिन्नता के कारण अनजान भ्रमित हो जाता हैं। ऐसे विद्यालय निम्न हैं :—

क्र. सं.	नाम विद्यालय	अवस्थिति का स्थान
1—	उ० प्रा० वि० पाल माण्डव	हड़मतिया
2—	प्रा० वि० दरा खाण्डा	दरा
3—	उ० प्रा० वि० पांतली	कमलोता फला
4—	प्रा० वि० माण्डव माईन्स	समोता
5—	उ० प्रा० वि० पाल कोलखण्डा	ओड़ा फला

उचित यह प्रतित होता हैं कि विद्यालय का नाम विद्यालय स्थित के अनुरूप हैं।

वर्तमान विद्यालयों का विश्लेषणात्मक विवरण

पं0 पुनाली

(1) प्राथमिक विद्यालय पुनाली

विद्यालय सत्र 83-84 में स्थापित हुआ । विद्यालय स्थित गांव तक पहूंचने के लिए पक्की सड़क हैं तथा बस सुविधा उपलब्ध हैं । गांव में सभी आवश्यक सुविधाऐ यथा बिजली, टेलीफोन, पोस्ट ऑफिस जल प्रदाय. टी. वी , चिकित्सा सुविधा है ।

विद्यार्थी 250 है । गांव में बा० उ० प्रा० वि० होने से बालिकाओं की संख्या सिर्फ 44 है । शिक्षकों की संख्या 6 है जिनमें से 2 महिलाऐं है । कक्षा 1 में 120 छात्र होने व विद्यालय वेतन केन्द्र होने से 2 शिक्षकों की ओर आवश्यकता है ।

भवन पक्का है । कुल 8 कमरे है जिनमें 6 कक्षा कक्ष है । 8 कक्षों में 6 कक्षों में पानी टपकता हैं । कक्षा कक्षों की साइज 20' X 15' है । कक्ष पर्याप्त है बाउण्ड्री बनी हुई है । 2 बीघा भूमि उपलब्ध हैं जिसमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीवाल के मैदान है : परिसर में 4 वृक्ष लगे हुए है । पेयजल हेतु हैण्ड पम्प है ।

मुत्रालय एक ही है । बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय की आवश्यकता हैं । शौचालय नही है ।

पुस्तकालय में 200 पुस्तकें हैं । कोई पत्र पत्रिका नही आती है ओपरेशन ब्लेक बोर्ड की सूची में प्रस्तावित सामग्री उपलब्ध है ।

रेकार्ड रखने के लिए दो अलमारियों के अलावा कोई फर्नीचर की आवश्यकता नही ।

विद्यालय की समस्याऐं है- (1) सड़क के निकट स्थित होना (2) परिसर में ही बा० उ० प्रा० वि० स्थित होना ।

(2) प्राथमिक विद्यालय बाड़ा

विद्यालय की स्थापना 83-84 में हुई : निकटतम बस स्टेण्ड से 4 किमी दूर है । पहुंच के लिए कच्ची सड़क हैं । गांव में सिर्फ बिजली की सुविधा है ।

विद्यार्थियों की संख्या 149 हैं । छात्र-छात्रा अनुपात 3:2 है । 3 शिक्षकों में से 2 महिलाऐं है । मानदंडानुसार एक और शिक्षक की आवश्यकता है ।

भवन पक्का है । कक्षा कक्ष 4 एवं 1 कार्यालय कक्ष है । दो कमरो की साइज 18 X 16 तथा दो कमरो की साइज 16X12 है । चारो कक्षा कक्षो में पानी गिरता है । कक्षा कक्षो की आवश्यकता हैं दो कक्षाऐं बरामदें में बैठती हैं । आंशिक क्षेत्र की बाउण्ड्री बनी हुई है । न तो खेल के मैदान हैं और न ही भूमि उपलब्ध है । परिसर में 8 वृक्ष है । पेयजल निकट हेण्ड पम्प से लाया जाता है ।

मुत्रालय एक ही है । बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय की आवश्यकता है । शौचालय नही है ।

पुस्तकालय में पुस्तकें 200 है । कोई पत्र पत्रिकाएं नही आती है । ओपरेशन ब्लेक बोर्ड सूची में वर्णित सामग्री उपलब्ध है :

(3) प्राथमिक विद्यालय नयागांव

विद्यालय बस स्टेण्ड से 2 किमी दूर है। पहुंच के लिए कच्ची सड़क हैं। गांव में बिजली के अलावा अन्य कोई सुविधा नही हैं।

विद्यार्थी 152 हैं। छात्र-छात्रा अनुपात 3:2 हैं। 4 शिक्षक हैं जिनमें से 3 महिलाऐं है। कक्षा 1 में छात्र संख्या अधिक होने से एक और शिक्षक की आवश्यकता हैं।

भवन में कुछ कक्ष पक्के है एवं कुछ कक्ष कच्चे हैं। 4 कक्षा कक्षों में से 3 में पानी रिसता है। कक्षा कक्षों की साईज $\frac{14' \times 9'}{2}$ $\frac{20' \times 8'}{1}$ $\frac{15' \times 2'}{1}$ हैं। एक कक्ष में श्याम पट्ट नही हैं। दो कक्षाओं की आवश्यकता हैं। बाउण्ड्री नही है। 20 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध हैं जिसमें कबड्डी एवं खो-खो के मैदान और वृक्ष हैं। परिसर में 100 वृक्ष है। पेयजल 1 किमी दूर से लाया जाता है।

पुस्तकालय में 120 पुस्तकें हैं। पत्र-पत्रिका उपलब्ध नही हैं। ओपरेशन ब्लेक बोर्ड सूची में वर्णित सामग्री उपलब्ध है। एक ही मुत्रालय है, बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय की आवश्यकता हैं। एक शौचालय है। 2 शिक्षकों के लिए टेबल कुर्सी की आवश्यकता हैं विद्यार्थियों के लिए दरी-पट्टियां अपर्याप्त है।

विद्यालय की विशेषता हैं-भामाशाहों द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहन।

(4) उच्च प्राथमिक विद्यालय पांतली

विद्यालय सत्र 81-82 में क्रमोन्नत हुआ। निकटतम बस स्टेण्ड 3 किमीं दूर हैं। पहुंच हेतु कच्ची सड़क है। गांव में बिजली के अलावा कोई सुविधा नहीं है।

विद्यार्थी 197 है। छात्र-छात्रा अनुपात 1.7:1 हैं। शिक्षक 10 है जिसमें से 1 महिला हैं।

भवन पक्का हैं। कक्षा कक्ष 6 हैं जिनमें से 3 में छत से पानी का रिसाव होता है। दो कक्षाऐं बरामदे में बैठती हैं। तीन कमरों की आवश्यकता हैं। आंशिक क्षैत्र की बाउड्री हैं। 200 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध है जो बागवानी एवं वृक्षारोपण में प्रयुक्त हो रही हैं। न तो खेल के मैदान हैं और न ही उसके लिए भूमि उपलब्ध है। पेयजल हेतु हेण्ड पम्प हैं।

पुस्तकालय की पुस्तकों को रखने की सुविधा उपलब्ध हे। एक दैनिक पत्र की सुविधा है। ओपरेशन ब्लेक बोर्ड की सभी वस्तुऐं उपलब्ध नहीं हैं।

एक ही मुत्रालय है। बालिकाओं के लिए मुत्रालय की आवश्यकता हैं। एक शौचालय है।

5 शिक्षकों के लिए टेबल कुर्सी एवं 50 विद्यार्थियों के लिए दरी पट्टी की आवश्यकता हैं रेकार्ड रखने के लिए दो अलमारियों और 2 पेटियों की भी आवश्यकता हैं।

विद्यालय की विशेषता हैं। (1) प्रति वर्ष एक/दो विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में प्रवेशार्थ चयन (2) तीन वर्षों से लगातार कबड्डी में प्रथम/द्वितीय स्थान।

(5) उच्च प्राथमिक विद्यालय गेहूंवाड़ा

विद्यालय 84–85 में क्रमोन्नत हुआ । निकटतम बस स्टेण्ड 5 किमी दूर है । पहुंच के लिए कच्ची सड़क हैं। गांव में बिजली एवं टेलिफोन की सुविधा उपलब्ध है।

विद्यार्थियों की संख्या 140 है। छात्र/छात्रा अनुपात 1.5:1 हैं । शिक्षकों के 8 पद स्वीकृत है। कार्यरत शिक्षक 6 है । महिला शिक्षिका नहीं है।

भवन पक्का हैं जिसमें आठ कमरे हैं। कमरों की साईज $\frac{18' \times 9'}{7}$, $\frac{20' \times 16'}{1}$ हैं। 7 कक्षा कक्ष हैं तथा 1 कार्यालय कक्ष हैं। एक कक्ष में श्याम पट्ट नहीं हैं। सभी कक्षों में पानी गिरता हैं। बाउण्ड्री बनी हुई हैं । 10 बीघा भूमि उपलब्ध है जिसमें से 3 बीघा भूमि में खो-खो एवं वालीबॉल के मैदान हैं। 5 बीघा भूमि वृक्षारोपण एवं बागवानी में प्रयुक्त हो रही है। 250 वृक्ष लगे हुए है । शेष 2 बीघा भूमि पहाड़ी होने से पड़त है पेयजल हेतु हेण्ड पम्प की सुविधा हैं ।

एक ही मुत्रालय हैं । बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय की आवश्यकता हैं। एक शौचालय है।

पुस्तकालय में 300 पुस्तकें है, एक दैनिक पत्र एवं एक मासिक पत्रिका आती है । ओपरेशन ब्लेक बोर्ड की सूची में वर्णित वस्तुओं में कई वस्तुऐं उपलब्ध नही है

तीन शिक्षकों लिए टेबल कुर्सी एवं 100 विद्यार्थियों के लिए दरी पट्टी की आवश्यकता हैं। रोकड रखने के लिए डबल लोक और सामग्री व रेकार्ड रखने के लिए एक अलमारी और 3 पेटियों को आवश्यकता है।

(6) बा0 उच्च प्राथमिक विद्यालय पुनाली

विद्यालय की क्रमोन्नति सत्र 89-90 में हुई । विद्यालय स्थित गांव तक पहूंच हेतु बस सुविधा उपलब्ध हैं।

आठ अध्यापिकाऐं कार्यरत है। कोई रिक्त पद नहीं हैं। नामांकन 349 है । छात्र छात्रा अनुपात 1:4 हैं ।

भवन पक्का हैं । 10 कक्षा कक्ष हैं जिनमें से 5 में पानी टपकता हैं । कार्यालय एवं भंडार कक्ष भी हैं। करीब 15000 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध हैं जिसमें से 11000 वर्ग मीटर में खो-खो बॉलीबॉल कबड्डी के मैदान है । शेष भूमि पड़त हैं । वृक्षारोपण नही है। पेयजल हेतु हेण्ड पम्प है।

मुत्रालय एक ही हैं। बालक-बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय की आवश्यकता है। एक शौचालय हैं ।

पुस्तकालय में 200 पुस्तकें है जिनके रखने के लिए अलमारी उपलब्ध हैं। एक दैनिक पत्र की सुविधा है।

6 शिक्षकों के लिये टेबल कुर्सी की आवश्यकता है । विद्यार्थियों के लिए टाट–पट्टियां अपर्याप्त है।

पंचायत कोलखण्डा

(1) प्राथमिक विद्यालय कुबेरा

विद्यालय की स्थापना सत्र 93–94 में हुई । निकटतम बस स्टेण्ड से इसकी दूरी 1 किमी हैं पहूंच के लिए पगदंडी मार्ग है । गांव में बिजली एवं जल प्रदाय की सुविधा विद्यमान हैं।

विद्यार्थी 46 अध्ययनरत है । संख्या कम होने का कारण अभी वहां कक्षा 1 एवं 2 ही हैं। छात्र–छात्रा अनुपात 1.3:1 है । एक शिक्षक पद स्थापित हैं ।

भवन पक्का हैं जिनमें 20 X 15 के दो कक्षा-कक्ष हैं । दोनों ही कक्षों में पानी गिरता हैं ।

वर्तमान में भवन पर्याप्त हैं, परन्तु अगली कक्षाओं के प्रारम्भ होने पर अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की आवश्यकता रहेगी। वाउण्ड्री नहीं हैं । 100 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध हैं जो वृक्षारोपण एवं बागवानी में प्रयुक्त हैं। न तो खेल के मैदान है और न ही इसके लिए भूमि उपलब्ध हैं। पेयजल 1/2 किमी दूर से लाना पड़ता हैं । मुत्रालय एवं शौचालय नही हैं।

पुस्तकालय हैतु पुस्तकें नहीं हैं । कोई पत्र पत्रिका नही आती है। ओपरेशन ब्लेक बोर्ड की सूची में वर्णित अधिकांश सामग्री नहीं है ।

शिक्षकों के लिए टेवल कुर्सी एवं विद्यार्थियों के लिए दरी पट्टी की आवश्यकता हैं। सामग्री एवं रेकर्ड रखने के लिए अलमारी का होना आवश्यक है।

(3) प्राथमिक विद्यालय रामा

विद्यालय सत्र 92-93 में स्थापित हुआ । निकटतम बस स्टेण्ड से विद्यालय 1 किमी दूर हैं। पहुँच हेतु पगडंडी मार्ग हैं। गांव में बिजली के अलावा अन्य कोई सुविधा नहीं है ।

विद्यार्थियों की सख्या 60 हैं। छात्र संख्या में कमी का कारण नया विद्यालय होंने से कक्षा 3 तक ही अध्यापन कराया जाना है । छात्र-छात्रा अनुपात 6 : 7 है। एक पुरुष एव एक महिला शिक्षक कार्यरत हैं।

भवन पक्का है। इसमें दो कक्ष (साईज 20'X10') एवं एक कार्यालय कक्ष (साईज 14'X7') है। दोनों ही कक्षा कक्षों में पानी रिसता । वर्तमान में भवन पर्याप्त हैं। बाउण्ड्री नहीं हैं। 1/2 किमी दूर स्थित हेण्डपम्प से पानी लाया जाता है ।

एक मुत्रालय हैं बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय नहीं हैं । शौचालय नहीं है।

पुस्तकालय की दृष्टि से कोई पुस्तके उपलब्ध नहीं हैं। पत्र–पत्रिका की सुविधा भी नहीं हैं। ओपरेशन ब्लेक बोर्ड की सूची में वर्णित अधिकांश सामग्री उपलब्ध नहीं हैं।

शिक्षकों के टेबल-कुर्सी तथा विद्यार्थियों के लिए दरी पट्टी पर्याप्त नहीं हैं। सामग्री एवं रेकार्ड रखने के लिए एक अलमारी एवं दो पेटियों की आवश्यकता है :

3 प्रा. वि. समोता का ओड़ा

विद्यालय सत्र 93–94 में खुला है। बस सुविधा उपलब्ध हैं। पहुँच हेतु पक्की सड़क है। गांव में बिजली एवं टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध है।

नवीन विद्यालय होने से कक्षा 1 एवं 2 ही है। विद्यार्थियों की संख्या 47 है। छात्र-छात्रा अनुपात 2, 1 हैं। दो शिक्षक कार्यरत हैं जिसमें से एक महिला हैं।

भवन पक्का हैं 120'X15' के दो कक्षा कक्ष हैं। कार्यालय कक्ष नहीं है। वर्तमान में भवन पर्याप्त हैं। दौनों ही कक्षों में पानी टपकता हैं। बाउण्ड्री नहीं हैं। न तो खेल का मैदान हैं और न ही भूमि उपलब्ध हैं। 100 मीटर दूर स्थित हेण्डपम्प पेयजल का स्रोत हैं।

मुत्रालय एव शौचालय नहीं हैं।

पुस्तकालय हेतु पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं। न ही पत्र-पत्रिका की कोई सुविधा है। ओपरेशन ब्लेक बोर्ड की सूची में बहुत कम सामग्री उपलब्ध हैं।

एक शिक्षक के टेबल कुर्सी एवं रेकर्ड/सामग्री रखने के लिए एक अलमारी की आवश्यकता हैं।

4 प्रा. वि. माण्डव माईन्स

यह विद्यालय समोता नामक गांव में अवस्थित है। इसकी स्थापना सत्र 72-73 में हुई। विद्यालय बस स्टेण्ड के निकट हैं। पहुँच हेतु पक्की सड़क हैं। गांव में सिर्फ बिजली की सुविधा हैं।

भवन पक्का है। 15'X18' की साईज के दो कक्षा कक्ष हैं। दोनों ही कमरों में पानी गिरता हैं। दो अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता है। बाउण्ड्री नहीं है। 1/2 बीघा भूमि उपलब्ध हैं जिसमें 8 वृक्ष लगे हुए है। न तो खेल के मैदान हैं और न ही इसके लिए भूमि उपलब्ध है। पेयजल हेतु हेन्डपम्प है।

एक मुत्रालय हैं; बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय अपेक्षित हैं। एक शौचालय है।

पुस्तकालय हेतु पुस्तकें उपलब्ध नहीं है। कोई पत्र-पत्रिका की सुविधा नहीं हैं। ओपरेशन ब्लेक बोर्ड की सूची में वर्णित अधिकांश सामग्री उपलब्ध है।

एक शिक्षक के लिए टेबल कुर्सी एवं रेकर्ड/सामग्री रखने हेतु 2 पेटियों की आवश्यकता हैं।

5 प्रा. वि. डूंगर।

विद्यालय की स्थापना सत्र 80-81 में हुई। निकटस्थ बस स्टेण्ड विद्यालय 3 कि० मी० दूर है। पहूंच के लिए कच्ची सड़क है। गांव मे कोई आवश्यक सुविधा नहीं।

विद्यार्थियों की सख्या 93 है। छात्र छात्रा अनुपात 5:4 हैं। दो शिक्षक कार्यरत हैं जिनमें से एक महिला हैं।

भवन पक्का है। तीन कक्षा कक्ष 20X12 है। अन्य दो कक्षा कक्ष 10X8 कार्यालय एवं भण्डार हेतु प्रयुक्त हो रहे है। तीनों कक्षा कक्षों में पानी गिरता है। वर्तमान में भवन पर्याप्त है। बाउण्ड्री नहीं। पेयजल हेतु हेण्डपम्प उपलब्ध है। 80'X60' मोटर भूमि उपलब्ध है जिसमें कबड्डी एवं खो-खो के मैदान हैं।

एक मुत्रालय है; बालिकाओं के लिए पृथक मुत्रालय अपेक्षित है। एक शौचालय है।

पुस्तकालय हेतु 200 पुस्तकें उपलब्ध हैं, पत्र-पत्रिका की सुविधा नहीं हैं। ओपरेशन ब्लेक बोर्ड में की सूची में वर्णित सामग्री में से कुछ सामग्री उपलब्ध है।

80 छात्रों के लिए दरी पट्टी एवं रेकर्ड रखने हेतु एक अलमारी की आवश्यकता हैं।

6 प्रा. वि. बारी

विद्यालय की स्थापना सत्र 84-85 में हुई । बस सेवा उपलब्ध हैं। पहुँच के लिए पक्को सड़क हें। विद्यालय स्थित फले में कोई आवश्यक सुविधा नहीं हैं।

विद्यालय में नामांकन 109 हैं। छात्र-छात्रा का अनुपात 5 : 4 हैं। दो शिक्षक कार्यरत है। महिला शिक्षिका नहीं है। एक ओर शिक्षक की अपेक्षित है।

भवन पक्का है। दो कक्षा कक्ष (20'X10') है। दोनो में ही पानी गिरता हैं। वर्तमान में भवन पर्याप्त हैं आंशिक क्षेत्र की बाउण्ड्री बनी हुई है। उपलब्ध भूमि में कबड्डी एवं खो-खो के मैंदान है। एवं 100 वृक्ष लगे हुए है। पेयजल हेतु हेण्डपम्प है।

एक ही मुत्रालय है, बालिकाओं के लिए पृथक से मुत्रालय अपेक्षित है। एक शौचालय है।

पुस्तकालय हेतु 150 पुस्तकें उपलब्ध है। पत्र-पत्रिका की सुविधा नहीं है।

दो शिक्षकों के लिए टेबल कुर्सी की आवश्यकता हैं। विद्यार्थियों के लिए दरी पट्टियाँ अपर्याप्त है : रेकर्ड एवं सामग्री रखने के लिए 2 अलमारियों एवं 2 पेटियों की आवश्यकता है।

7 उ. प्रा. वि. कोलखण्डा खास

विद्यालय स्थित गांव तक पहुँचने के लिए बस सेवा नहीं हैं। निकटतम बस स्टेण्ड से विद्यालय की दूरी 6 किमी हैं। पहुँच हेतु कच्ची सड़क है। गांव में बिजली एवं टेलीफोन के अलावा अन्य सुविधा नहीं हैं।

विद्यार्थियों का नामांकन 154 हैं। छात्र-छात्रा अनुपात 8 : 5 4 हैं। शिक्षकों के स्वीकृत पद 7 हैं। कोई पद रिक्त नहीं है । एक महिला शिक्षिका हैं।

भवन पक्का हैं। 7 कक्षा कक्ष है एक कार्यालय कक्ष है। कक्षों की साईज 20'X15 हैं। भवन पर्याप्त है परन्तु सभी कक्षों में पानी रिसता हैं। बाउण्ड्री बनी हुई हैं। न तो खेल के मैंदान हैं एवं न ही उसके लिए भूमि उपलब्ध है। पेयजल हेतु विद्यालय के निकट हेण्डपम्प है।

